<u>**Seventeenth Loksabha**</u>

an>

Title: Need to make available adequate quantity of DAP and Urea to farmers in Chitrakoot and Banda districts of Uttar Pradesh.

श्री आर. के. सिंह पटेल (बांदा): माननीय सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश के जनपद चित्रकूट एवं बांदा में खाद की समस्या बनी हुई है । जिले के किसान अत्यधिक परेशान हो रहे हैं । साधन सहकारी समितियों में खाद का अत्यधिक अभाव बना हुआ है । किसानों को अधिक रेट पर मजबूरी में प्राइवेट दुकानों से अधिक मूल्य पर डीएपी एवं यूरिया लेने पर मजबूर होना पड़ रहा है । पर्याप्त मात्रा में यूरिया एवं डीएपी उपलब्ध न होने से समस्या बनी हुई है । किसान कई-कई दिनों तक लाइनों में लगकर खाद लेने का इंतजार करते रहते हैं ।

अत: आपसे अनुरोध है, उत्तर प्रदेश के जनपद चित्रकूट एवं बांदा में पर्याप्त मात्रा में डीएपी एवं यूरिया उपलब्ध कराकर किसानों की समस्या का समाधान करने का कष्ट करें ।

माननीय सभापति : श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया - उपस्थित नहीं ।

श्री जनार्दन मिश्र ।